pan>

Title: Demand to revisist the decision of GST on textiles products and bricks Industry.

श्री शंकर लालवानी (इन्दौर): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय । मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि देश भर के कपड़ा व्यापारी संगठन मांग कर रहे हैं कि इस बार कपड़े पर जो जीएसटी 5 परसेंटर से बढ़ाकर 12 परसेंट की गई है, उस पर पुनर्विचार किया जाए क्योंकि, कपड़े पर जीएसटी बढ़ने से रेडिमेड और आम व्यवसाय पर फर्क पड़ेगा ।

इसके साथ-साथ भवनों में जो ईंट लगती है, ईंट निर्माताओं के संघ वालों ने भी यह मांग की है कि ईंट निमार्ताओं पर जो जीएसटी बढ़ाई गई है, उस पर जीएसटी काउंसिल पुनर्विचार करे । मैं इन दोनों संगठनों की मांग माननीय वित्त मंत्री जी से करता हूं । धन्यवाद ।